हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

12 तिलक नगर की गलियों को मिला 47 लाख के विकास ..



14 दीपावली की तैयारियों में जुटा बिजली निगम ...






पार्षद कृष्णा देवी ने किया शुभारंभ

# तिलक नगर की गलियों को मिला 47 लाख के विकास कार्यों का तोहफा

**क्षेत्रवासियों ने मिठाइयां बांटकर इस अवसर को खास बनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम क्षेत्र वार्ड नंबर 13 के तिलक नगर की गलियों में मंगलवार को 47 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड की पार्षद कृष्णा देवी पत्नी नरेश कुमार (काला) बोहर ने नारियल फोड़कर की। इस मौके पर नगर निगम के एक्सईएन नवीन धनखड़, वार्ड निवासी और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शुभारंभ के साथ ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने मिठाइयां बांटकर इस अवसर को खास बना दिया।

### मूलभूत सुविधाओं में होगा सुधार

तिलक नगर के फौजी चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोग जुटे। यहां पर पार्षद कृष्णा देवी और उनके पति नरेश कुमार (काला) बोहर ने नारियल फोड़कर 47 लाख रुपए से होने वाले कार्यों का आगाज किया। एक्सईएन नवीन धनखड़ की मौजूदगी में हुए इस शुभारंभ ने क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिलाया कि अब उनकी गलियों का रूप-रंग बदलेगा और मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा। पार्षद कृष्णा देवी ने वार्डवासियों को कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरना उनका पहला लक्ष्य है। तिलक नगर के निवासियों के सहयोग और आशीर्वाद से नगर निगम की समस्याओं का समाधान लगातार करवाया जाएगा। पार्षद ने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर पूरा ध्यान रखा जाएगा और हर नागरिक की सहभागिता से गलियों का सौंदर्यकरण किया जाएगा।



रोहतक। नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरुआत करती वार्ड की पार्षद कृष्णा देवी। फोटो : हरिभूमि

### कोई समस्या है तो वह लिखित रूप से हमें दे

उन्होंने वार्डवासियों से आग्रह किया कि यदि किसी को कोई समस्या है तो वे लिखित रूप से उनके कार्यालय में अवगत कराएं। इससे समस्याओं का समाधान शीघ्र और सही तरीके से किया जा सकेगा। पार्षद ने कहा कि वे दिन-रात लोगों के संपर्क में रहती हैं और हर समय उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं।

### एक्सईएन ने की अपील

नगर निगम के एक्सईएन नवीन धनखड़ ने भी वार्डवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखने में जनता की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं कार्यों के दौरान मौजूद रहें और सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। धनखड़ ने कहा कि क्षेत्र के जेई से भी लोग सीधे कार्यों की जानकारी ले सकते हैं।

### गणमान्य लोग रहे मौजूद

इस मौके पर एडवोकेट अशोक कुमार कादयान, संत कुमार, अशोक हुड्डा, धर्मपाल नांदल, रविन्द्र, रामकुमार हुड्डा, विकास हुड्डा, राकेश, प्रवीण अहलावत, जनता देवी, चंद्रपति, संतोष, कांता, निर्मला, राज, राज सिंह दहिया सहित अनेक वार्डवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अशोक आर्य बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष

**रोहतक।** आर्य समाज मॉडल टाउन में टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) हरियाणा की प्रदेश बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक डॉ. श्याम देव आर्य और सज्जन राठी ने संयुक्त रूप से की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा और राज्य इकाई का गठन करना था। सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसके तहत अशोक आर्य, कैथल को प्रदेश अध्यक्ष और कुलदीप सिंह, सोनीपत को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा संगीता हुड्डा (पीजीटी) और डॉक्टर गोपाल कृष्ण (प्रिंसिपल) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मंजू बाला को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### सर छोटूराम के समाधि स्थल का होगा पुनर्निर्माण

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था के प्रबंधन कार्यालय के निर्माण का भूमि पूजन और विरासत भवन व सर छोटू राम के समाधि स्थल के पुनर्निर्माण के कार्य का शुभारंभ मंगलवार को संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने नारियल तोड़कर किया। संस्था के उप प्रधान धर्मराज, महासचिव एडवोकेट नवदीप सिंह, कॉलेजियम सदस्य व कई गणमान्य व्यक्ति इस दौरान उपस्थित रहे। प्रधान दिमाना ने बताया कि वही हमारे जाट स्कूल की ऐतिहासिक इमारत का भी पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

*नगर निगम और हरियाणा स्टेट वैलपार्क डेवलपमेंट अथॉरिटी ने नागरिकों को किया सूचित*

### आज व कल प्रथम जलघर से पानी नहीं होगा सप्लाई

# एक नम्बर जलघर से पानी की आपूर्ति रहेगी बाधित

मरम्मत के दौरान प्रथम जलघर के रजवाहे को पहुंचा नुकसान

*▸▸ नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन की क्षति पिछले दो दिनों से बनी हुई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम और हरियाणा स्टेट वैलपार्क डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएसवीपी) ने नागरिकों को सूचित किया है कि शहर के सेक्टर-3, माल वाली पुलिया के पास स्थित सीवेज डिस्पोजल पाइपलाइन तथा बरसाती पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों ने बताया कि पाइपलाइन की क्षति पिछले दो दिनों से बनी हुई है। इसके साथ ही मरम्मत के दौरान प्रथम जलघर के रजवाहे को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे जलघर के माध्यम से होने वाली जल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई है।




रोहतक। नगर निगम का फाइल फोटो।

### अधिकांश नहरों में 20 दिनों से पर्याप्त पानी नहीं

जन स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शहर के अधिकांश नहरों में पिछले 20 दिनों से पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण पहले ही जलघर के टैंक खाली हो चुके हैं। इस स्थिति में रजवाहे की क्षति ने पानी की आपूर्ति को और अधिक प्रभावित कर दिया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि 24 और 25 सितंबर को प्रथम जलघर से पानी की सप्लाई पूरी तरह रुक जाएगी। इस दौरान नागरिकों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस असुविधा के दौरान धैर्य बनाए रखें और पानी के सीमित स्रोतों का विवेकपूर्ण उपयोग करें। इससे आसपास की दर्जनों कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### जन स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां और प्रयास

अधिकारियों ने बताया कि जलघर को जल्द से जल्द भरने और सामान्य आपूर्ति बहाल करने के लिए टीमों को लगाया गया है। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत के लिए आवश्यक सामग्री और मजदूर पहले ही मौके पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जल आपूर्ति को सामान्य करने में कोई देरी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान सेक्टर-3 और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस कारण नागरिकों को अत्यधिक जल उपयोग से बचने और जरूरत के समय पानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

### उपलब्ध करवाए जाएंगे पानी के टैंकर

नगर निगम ने यह भी कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। पाइपलाइन और जलघर के आस-पास निर्माण कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इसके अलावा, नागरिकों को सूचित किया गया है कि आपातकालीन स्थिति में पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर निगम की टीम पूरे दिन और रात कार्यरत रहेगी ताकि जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल हो सके।



रोहतक। गेट मीटिंग को सम्बोधित करते हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंथन

# हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी आज सौंपेगी मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी ने मंगलवार को रोहतक डिपो प्रांगण में गेट मीटिंग आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान सुरेश नहरा, सुमेश कुंडू, संदीप सिंघवा, नरेश सिवाच, संदीप खोखर, मंजीत कारोरा, जोगेंद्र ढुल और राजेश पंघाल ने संयुक्त रूप से की। गेट मीटिंग का संचालन जोगेंद्र ढुल और सुरेश नेहरा ने किया। राज्य कमेटी के नेता जगदीप लाठर, सुमेर सिवाच, दिनेश हुड्डा, जोगेंद्र मलिक, अमित महराणा, सतबीर मुंढाल और जयभगवान कादयान विशेष रूप से मौजूद रहे। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि बुधवार को महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

### रात्रि भत्ता लंबित

*दो वर्ष से उनका रात्रि भत्ता लंबित है, जिसे तुरंत जारी किया जाए। इसी तरह मेडिकल बिल और एसीपी भी देय हैं। चालक और परिचालकों को समय पर अवकाश देने, कम बुकिंग पर की जाने वाली रिकवरी और केएमपीएल से संबंधित नाजायज पत्र बंद करने की भी मांग की गई। साथ ही परिवहन समिति की बसों को निर्धारित समय पर चलाने की बात भी रखी गई। तालमेल कमेटी ने साफ कर दिया कि यदि मांगों का समाधान महाप्रबंधक स्तर पर समय रहते नहीं किया गया तो मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा। डिपो बंद करने तक का फैसला लिया जा सकता है। नेताओं ने कहा कि आंदोलन की स्थिति बनने पर उसकी पूरी जिम्मेदारी रोहतक महाप्रबंधक और रोडवेज प्रशासन की होगी।*




महम। शिक्षकों को ट्रेनिंग देते आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार के ट्रेनर ललित कुमार।

## आर्य स्कूल मदीना में शिक्षकों के लिए लगाया ट्रेनिंग कैंप, एडवांस स्किल की दी जानकारी

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में एक ट्रेनिंग कैंप लगाया गया। इस कैंप में रिसोर्स पर्सन के रूप में आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार से ललित कुमार पहुंचे। उन्होंने लाइफ स्किल (एडवांस) विषय पर चर्चा करते हुए आज के वैज्ञानिक युग में एडवांस स्किल के जरिये बच्चों को भविष्य में अपने केरियर को बनाने और उन्हें एक अच्छा इन्सान बनने के लिए जरूरी गुणों का विकास करने का प्रशिक्षण दिया। ललित ने बताया की आधुनिक युग में बच्चों को किस प्रकार वैज्ञानिक तकनीक से शिक्षित किया जाए। उन्होंने विज्ञान के लाभ और हानि दोनों पर चर्चा करते हुए बताया कि हमें बच्चों को अपनी पढाई के लिए प्रेरित करने के लिए आस पास की गतिविधियों के उदाहरण देकर शिक्षित करने का प्रयास करना है। इस ट्रेनिंग में महम उपमंडल के आसपास के विद्यालयों के 60 से अधिक अध्यापकों ने शिक्षण के नए और वैज्ञानिक गुर सीखे तथा बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से विकसित करने के लिए एकमत होकर काम करने का प्रण लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने ललित को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

## बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग संपन्न

**रोहतक।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग सर्व कर्मचारी भवन में संपन्न हुई । मंच संचालन राज्य महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने किया। मीटिंग में प्रदेश भर से विभिन्न जिलों से पदाधिकारी एवं सक्रिय साथियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए राज्य महासचिव सहदेव आर्य ने बताया वर्तमान में विभाग द्वारा सभी कार्यक्रमों को ऑनलाइन करवाया जा रहा है लेकिन इसके लिए बिना किसी संसाधन एवं इंटरनेट की उचित व्यवस्था प्रदान किए अनुचित दबाव बनाया जा रहा हैं। जिसका प्रदेश भर से पहुंचे पदाधिकारीयो ने एकमत से विरोध करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में सरकार को ऑनलाइन कार्य हेतु संसाधन उपलब्ध कराने हेतु भेजे गए मांगपत्र अनुसार अम्ल न किए जाने के विरोध स्वरूप तीन जिलों भिवानी, फरीदाबाद, यमुनानगर जिलो में सिविल सर्जन को सूचना भेज कर ऑनलाइन कार्यों को रोक दिया गया है। सरकार द्वारा इस विषय पर कोई कदम नहीं उठाया गया तो आगामी 25 अक्टूबर से पूरे प्रदेश भर में ऑनलाइन कार्यों को रोक दिया जाएगा।



रोहतक। राज्य स्तरीय मीटिंग को सम्बोधित करते बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी नेता।

# जमीन को बंजर बनाने से रोकने के लिए प्राकृतिक खेती की आवश्यकता : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

प्रकृति और कानून विषय पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रकृति और विधि के बीच गहरे संबंध को परिभाषित करते हुए बताया कि कैसे वैदिक मूल्य, प्राकृतिक संतुलन और विधिक व्यवस्था एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि प्राकृतिक खेती भूमि को उपजाऊ बनाती है, जबकि रासायनिक खेती भूमि को बंजर कर देती है।

इसके साथ ही उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति अभियान, एवं वैदिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार जैसे सामाजिक आंदोलनों में अपनी सक्रिय भूमिका का उलेख किया। वे मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रकृति और कानून विषय पर व्याख्यान देने के लिए पहुंचे थे। विशेष आख्यान में विधिक, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने किया।






### समृद्ध और सूचनाप्रद व्याख्यान दिया

*महासचिव राजकरण पंघाल ने कार्यक्रम के समापन पर एक औपचारिक धन्यवाद भाषण दिया। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व चेयरमैन डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत ने बार एसोसिएशन रोहतक के इतिहास पर एक समृद्ध और सूचनाप्रद व्याख्यान दिया। मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि रोहतक बार एसोसिएशन के 50 प्रतिशत से अधिक सदस्य एमडीयू के पूर्व छात्र हैं। इस मौके पर उपभोक्ता विषाद निवारण आयोग अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कादियान, एलपीएस बोसार्ड के अध्यक्ष राजेश जैन, स्वामी कपिल पुरी एवं अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।*

### मोटिवेशनल स्पीकर विपुल हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ युवा समाजसेवी के रूप में सम्मानित



**रोहतक।** मोटिवेशनल स्पीकर विपुल शर्मा को हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ युवा समाजसेवी के रूप में चुना गया और सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स संस्था द्वारा इसके रजत जयंती समारोह के अवसर पर भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रदान किया गया। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स संस्था द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पूरे भारत से प्रत्येक राज्य के एक पुरुष एवं एक महिला समाजसेवी को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विपुल शर्मा को हरियाणा राज्य के प्रतिनिधि के रूप में चयनित होकर सम्मानित किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। विपुल शर्मा लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, करियर काउंसलिंग एवं युवा जागरूकता जैसे विषयों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अब तक अपने मोटिवेशनल सत्रों के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों और युवाओं को प्रेरित किया है।

युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों के बलिदान से युवा पीढ़ी को लेनी होगी प्रेरणा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के समीप स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शहीदों के सम्मान में पुलिस टुकड़ी ने शस्त्र झुकाकर व धुन बजाकर सलामी दी।

शहीदों को नमन करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि शहीद हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। देश की एकता और अखंडता के लिए शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी को न केवल शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी होगी बल्कि अलग-अलग गतिविधियों में भाग लेकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपने वीर शहीदों के सदैव ऋणी हैं, जो सरहदों की रक्षा के लिए सीना ताने खड़े हैं। वीर योद्धाओं की बदौलत ही हम सब सुरक्षित हैं।





रोहतक। युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त सचिन गुप्ता, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग व सैनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सेनाओं का करना चाहिए सम्मान

हम सबका यह नैतिक दायित्व है कि हमें वीर सपूतों के परिवारों व सेनाओं का सम्मान करना चाहिए। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। उनकी कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया।

### डीसी ने किया पौधरोपण

डीसी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिला प्रशासन शहीद परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों की सहायता के लिए लघु सचिवालय में एक विशेष दूरभाष नंबर भी जारी किया जाएगा ताकि शहीद परिवार अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी दें सकें। उपायुक्त ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

### ये रहे मौजूद

*सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, ब्रिगेडियर जे एस बुधवार (सेना मेडल) सीपीओ अत्तर सिंह कादियान, दिनेश कुमार व वेद प्रकाश, सब लेफ्टिनेंट शमशेर सिंह, सब लेफ्टिनेंट रंजीत खोखर, पूर्व कल्याण व्यवस्थापक ईश्वर सिंह, जय सिंह, जगबीर सिंह हुड्डा, जगबीर सिंह अहलावत, हवलदार सुखबीर सिंह हुड्डा, सूबेदार रमेश कुमार, सूबेदार मेजर प्रेम सिंह, सूबेदार विक्रम सिंह, कल्याण व्यवस्थापक एवं नायब सुबेदार नरेश कुमार, हवलदार मनोज कुमार, हवलदार नवीन कुमार, हवलदार कृष्ण हुड्डा, ऑनरेरी कैप्टन सूरजमल हुड्डा, पीओ वीरेंद्र सिंह, ऑनरेरी लेफ्टिनेंट शमशेर सिंह हुड्डा, हवलदार संजय सिंह, हवलदार महताब सिंह, इंस्पेक्टर कर्मबीर सिंह, प्रेम सिंह, विक्रम सिंह, संजय सिंह व संजय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### पराली जलाने को रोकने के लिए जिला स्तरीय समिति गठित : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पराली जलाने की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय योजना एवं निगरानी समिति के गठन के आदेश दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इस समिति की अध्यक्षता करेंगे, जो रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु व्यापक उपाय तैयार कर उन्हें लागू करेगी। यह समिति कृषि, पंचायती राज, पुलिस, उद्योग और सीएसआर भागीदारों के साथ



समन्वय स्थापित कर हैप्पी सीडर, सुपर एसएमएस, बेलर, मल्चर और अन्य मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। यह पंचायत/सामुदायिक भूमि में भंडारण स्थलों की पहचान भी करेगी और पराली के औद्योगिक उपयोग की निगरानी भी करेगी। साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएगी और अनुपालना रिपोर्ट उपायुक्त और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को प्रस्तुत की जाएंगी। उपमंडल स्तर पर, एसडीएम के अधीन समितियां भी गठित की गई हैं, जो कटाई और अवशेष प्रबंधन की निगरानी करेंगी। उपायुक्त ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पराली को अपशिष्ट नहीं, बल्कि एक मूल्यवान संसाधन माना जाना चाहिए। जिला समिति पराली को आय-उत्पादक उत्पादों में बदलने के लिए किसानों, उद्योगों, सीएसआर भागीदारों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को जोडक़र विभिन्न हितधारकों के सहयोग को प्रोत्साहित करेगी।

## खबर संक्षेप

### सर्व कर्मचारी संघ ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना

**रोहतक।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर धरना दिया। धरने के बाद कर्मियों ने उपायुक्त को दस सूत्री मांगपत्र सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच व संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। इस मौके पर राज्य सचिव जयवीर चहल,राज्य कमेटी सदस्य प्रेम घिलोडिया व मुकेश खरब मौजूद रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है।

### आरकेपी स्कूल मदीना में पीटीएम का आयोजन

**महम।** आरकेपी स्कूल मदीना में शिक्षक अभिभावक मीटिंग हुई। यह मीटिंग अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के अवलोकन के लिए आयोजित की गई थी। विद्यालय निदेशक साहिल दांगी ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं का आंकलन करने, कमजोरी की पहचान करने और वर्ष के अंत से पहले समय प्रबंधन में सुधार करने का अवसर प्राप्त हुआ। अभिभावकों तथा शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए रणनीतियां बनाने का अवसर मिला। इस तरह की मीटिंग से अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के बारे में अपनी चिंताओं या प्रश्नों को सांझा करने का अवसर प्राप्त होता है।

### कुलपति ने शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के धनवंतरी एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. के. अग्रवाल उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हरियाणा के सभी शूरवीरों को वें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हैं। हरियाणा की मिट्टी में इनके अदम्य साहस और बलिदान की गाथाएँ गूंजती रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी रहेंगी।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-1 में सात दिवसीय श्रीराम शुरू

# राम से बड़ा राम का नाम: आचार्य शिवम

श्रीराम कथा से मंगलवार को पहले सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ पंडाल में झूमते नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-1 में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीराम शुरू हो गई। कथा से पहले सुबह कलश यात्रा निकाली गई। श्रीधाम वृंदावन मथुरा से आए कथा व्यास आचार्य शिवम कौशिक ने पहले दिन में राम नाम की शक्ति और महिमा का वर्णन किया।

उन्होंने सभी भक्तों को बताया कि कैसे राम नाम हर जगह और हर अवसर पर महत्वपूर्ण है। राम से बड़ा राम का नाम एक लोकप्रिय हिन्दू कहावत है, जिसका अर्थ है कि भगवान राम से भी बड़ा उनका नाम या मंत्र है, क्योंकि नाम में वह शक्ति और सामर्थ्य है जो स्वयं भगवान को भी व्यक्त करने में सक्षम है। यह कहावत गोस्वामी तुलसीदास की उक्ति ₹राम न सकहिं नाम गुण गाईर से भी प्रेरित है, जो बताता है कि स्वयं राम भी अपने नाम के गुणों का पूरी तरह बखान नहीं कर सकते।

**श्रीधाम वृंदावन से आए आचार्य शिवम कौशिक ने पहले दिन राम कथा की महिमा का किया वर्णन**



### पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा

आचार्य शिवम के ओजस्वी वचनों को सुनकर पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठा और पूरा वातावरण श्रीराममय बन गया। इस दौरान भक्तों ने पुष्पवर्षा कर और "जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ पंडाल में झूमते नजर आए। आचार्य ने कहा कि राम नाम तो अविनाशी है। राम से बड़ा राम का नाम है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। इस राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी।

### भगवान श्रीराम की महिमा अपरम्पार

आचार्य शिवम कौशिक ने कहा कि राम की महिमा अपरम्पार है। राम खुद कह गए राम से बड़ा राम का नाम। तो जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। दरअसल, जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मन्त्र है। राम नाम की महिमा तो ये है की सदाशिव भोले शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। इसी नाम का वो हर प्रहर जाप करते रहते है। संसार चल ही राम नाम से रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है।



### प्रसाद का वितरण किया

कथा विराम के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस कथा के अवसर पर ज्योति, ममता, अजय गांधी, अर्चना, आकाश भारद्वाज, श्रीयांश सरन, निर्मल शुक्ला, बृजनंदिनी किशोरी और सेक्टर 1 और न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और युवा मौजूद थे।

### शिव व पार्वती की सुनाई कथा

भगवान शिव व पार्वती का मूल स्वरूप श्रद्धा व विश्वास है। शब्द ब्रह्मा होता है और शब्द को संभाल कर बोलना चाहिए। जीवन में अभिमान की शून्यता आ जाए तो श्रद्धा अपने आप आ जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम चलन रहता है। बच्चे के जन्म में श्री राम के नाम का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों के अवसर पर श्री राम के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। राम सब में बड़े हैं तथा राम में शिव और शिव में राम विद्यमान हैं। श्री राम को शिव का महामंत्र माना गया है और राम सर्वमुक्त हैं। राम सबकी चेतना का सजीव नाम है।

भगवान श्रीराम ने संपूर्ण मानव जाति को पढ़ाया मर्यादा का पाठ

# रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन नारद मोह का कलाकारों ने किया मंचन

- कलाकारों का सुंदर अभिनय देखकर तालियों से गूंजा पंडाल
- उद्योगपति राजेश जैन व प्रधान सुभाष तायल ने किया उद्घाटन

रामलीला में शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं शहरवासियों की हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। मुख्य निर्देशक लीलाधर के निर्देशन में मुंबई से आए कलाकारों ने नारद मोह नाटक की सुन्दर प्रस्तुति कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया, जमकर तालियां बटौरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पुरानी आईटीआई ग्राऊंड सरकुलर रोड पर स्थित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला में मंगलवार को दूसरे दिन नारद मोह का कलाकारों के द्वारा बड़ा ही सुन्दर मंचन किया गया। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि रामलीला के सानिध्य महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज एवं रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, उद्घाटनकर्ता श्रीप्राचीन हनुमान मंदिर के प्रधान कृष्ण विज (टीटू), मुख्य अतिथि वैश्य एजुकेश सोसाईटी के कोषाध्यक्ष पवन मित्तल खरकियां, विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी सीए संजय थरेजा व प्रसिद्ध समाज सेवी सन्नी मिनोचा, मुख्य संरक्षक समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, प्रधान सुभाष तायल ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया।

सभी ने हनुमान की संगीतमय माह आरती की। सारा पंडाल हनुमान के जयकारे से गूंज उठा था। मंच का संचालन सतीश भारद्वाज व विजय गुप्ता बाबा ने किया। नाटक में नारद मुनि की कठोर तपस्या के कारण राजा इन्द्र का सिहासन डोलने लगा तब राजा इन्द्र ने अपने मित्र कामदेव को नारद मुनि की तपस्या भंग करने के लिये भेजा परन्तु कामदेव असफल रहे और उन्होंने नारद मुनि से क्षमा याचना मांगी। उसके पश्चात नारद मुनि को अभिमान हो गया।





**रोहतक।** पुराने बस स्टैंड स्थित श्री प्राचीन रामलीला सोसाइटी ( लोकल) में पूजा अर्चना करते वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान विकास गोयल पुरानी आईटीआई में श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### रामलीला समारोह के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला, विपीन गोयल, गुलशन निझावन, वरूण सिंगल, मनोज जिंदल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुरेन्द्र बल्ली, अनिल बंसल, रामकुमार पंचाल, अमित गुप्ता, सन्नी निझावन, शीतल, विकास दलाल, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, वरूण शर्मा, नरेश शर्मा, राजन गुप्ता, दिनेश तायल, प्रेम गर्ग, संदीप गुप्ता, मनीष जैन, विकास कंसल, उमा गोयल, संतोष, मनोज जिंदल, आशा गर्ग, बृजबाला गुप्ता आदि रहे।

### न्यू श्री रामलीला कमेटी ने शुरू किया मंचन

**रोहतक।** लेबर चौक स्थित पटेल नगर में 75 वर्षों से भी अधिक समय से न्यू श्री रामलीला कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार भी विधिवत पूजा-अर्चना और रिबन काटकर समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और नागरिकों ने शिरकत की। न्यू श्री रामलीला कमेटी के प्रधान एडवोकेट रमेश खुराना ने बताया कि रामलीला का मुख्य उद्देश्य भगवान राम द्वारा रावण को पराजित करने का चित्रण करना है, जो यह संदेश देता है कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अच्छाई और सत्य की ही विजय होती है। एडवोकेट रमेश खुराना, जो करीब 20 वर्षों से कमेटी से जुड़े हैं, दूसरी बार सर्व समिति द्वारा प्रधान चुने गए। उन्होंने कमेटी का विस्तार करते हुए विक्की वर्मा, पुनेश परुथी, जगमोहन भाटला, अमित सहगल, सोहन सिंह पाहवा, संजय सोनी, राकेश सिंधवानी और अखिल अरोड़ा को नए सदस्य बनाया। उन्होंने बताया कि प्रधान एडवोकेट रमेश खुराना, महासचिव राजेंद्र अलाहाबादी, उप प्रधान मलकीत सिंह पाहवा और हरभजन सिंह चावला, सचिव संदीप शर्मा, सहसचिव प्रेम भटियाणी, कोषाध्यक्ष नरेश गाबा, मंच संचालक प्रीतम दास भयाना और संजय खुराना, मुख्य सलाहकार जगदीश आहूजा, विनोद भूटानी, अमित सहगल, सरदार हरजीत सिंह पाहवा, मनोज अहूजा, इंद्रजीत सिंह गिरधर, गुरमीत नरूला इसके साथ ही कमेटियां भी बनाई गईं हैं।

## न्यूज डायरी




### उपकार हाई स्कूल का स्थापना दिवस मनाया

**रोहतक।** उपकार हाई स्कूल का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के डायरेक्टर प्रो. विजय कायत ने स्थापना दिवस का महत्व बताया और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और आगे भी विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान करता रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अमर सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विशिष्ट अतिथि रेणु डाबला ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए और उनकी मेहनत तथा प्रतिभा की सराहना की।



### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज मेंआयुर्वेद दिवस संपन्न

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद कॉलेज में नौ दिनों से चल रहा दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की थीम रही आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए। समारोह की शुरुआत भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वारिज पाण्डेय, संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयुर्वेद दिवस सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें अवेयरनेस रैली, मैराथन, हेल्थ कैंप, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी, आयुर्वेद एक्सपो, प्रकृति परीक्षण कैंप तथा स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

मार्केट न्यूज

### अथर्व आयुर्वेद अस्पताल में आयुर्वेद दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोहतक में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धनवंतरि की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से छह दिन तक निःशुल्क ओपीडी सेवा शुरू की गई। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान ने बताया कि आयुर्वेद दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत भी एक विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं की भूमिका, उनके स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रिंस गिरोत्रा ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी यदि अपनी दिनचर्या और खान-पान को आयुर्वेदिक पद्धति के अनुसार ढाल ले तो वह न केवल स्वयं को बल्कि पूरे परिवार को बीमारियों से बचा सकती है। डॉ. संजीव मदान ने कहा कि भारतीय डाइट पूरी दुनिया में सबसे संतुलित आहार मानी जाती थी। इसलिए स्वस्थ जीवन जीते थे। लेकिन आज पश्चिमी जीवनशैली अपनाने से नई-नई बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि समाज को आयुर्वेद अपनाकर ही स्वस्थ रहना होगा। वहीं डॉ. डेनिश खिता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी परिवार की धुरी होती है, ऐसे में उन्हें अपने स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। यदि नारी बीमार पड़ती है तो पूरा परिवार प्रभावित होता है। कार्यक्रम के दौरान 76 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। डॉ. संजीव मदान ने बताया कि 23 से 28 सितंबर तक अस्पताल में आयुर्वेद पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर नवरात्र महोत्सव पर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

### संकट मोचन मंदिर में नवरात्रों पर भक्तों ने की पूजा

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर, दुर्गा भवन मंदिर, मॉडल टाउन गुफा वाला मंदिर, बाबरा मोहल्ला में पंचायती मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आरंभ हुआ। ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने नारियल चढ़ाकर और लाल चुनारियां ओढ़कर मां शैलपुत्री से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामनाएं मांगी। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने सुबह 8 बजे शुभ मुहुर्त में कलश स्थापना की और तत्पश्चात अखंड ज्योत प्रज्जवलित किया।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को होगी

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय।

### सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी।

योजना की पात्र महिलाओं को लाभ देने के लिए कवायद तेज

# लाडो लक्ष्मी योजना में नि:शुल्क होगा रजिस्ट्रेशन

- कल पंचकूला से लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल एप की लॉन्चिंग करेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सभी पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में उपरोक्त योजना के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। नरेंद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को पंचकूला से लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल ऐप की लॉन्चिंग करेंगे। इसके उपरांत सभी पात्र महिलाओं का इस मोबाइल ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधा के लिए जिला, उपमंडल, ब्लॉक व गांव स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पर पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन में मदद करने के लिए अलग-अलग टीमें उपलब्ध रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रजिस्ट्रेशन के लिए पात्र महिलाओं को सीएससी केंद्र अथवा किसी एजेंट के पास जाने की जरूरत नहीं है। रजिस्ट्रेशन संबंधित महिला के मोबाइल से ही होगा और मदद के लिए टीम मौके पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रजिस्ट्रेशन बिल्कुल निशुल्क है।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का उद्देश्य राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर पात्र महिलाओं को महीने के 2100 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना के लिए आवश्यक एप के शुभारंभ अवसर के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए सभी स्वास्थ्य जांच केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे।




रोहतक। उपरोक्त योजना के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### योजना की सफलता को नोडल अधिकारी नियुक्त

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि 25 सितंबर को जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खंड व गांव स्तर पर पात्र महिलाओं की मदद के लिए टीमें मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन भी सुनाया जाएगा। नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में अब तक 20 हजार ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जा चुका है, जिनके पास योजना की शर्त के मुताबिक सभी जरूरी कागजात उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना का शुभारंभ 25 सितंबर से हो रहा है, लेकिन रजिस्ट्रेशन का कार्य लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम को लेकर सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



### वीबी कॉलेज में मनाया शहीदी दिवस

**रोहतक।** वीबी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में हरियाणा शहीदी दिवस बड़े ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष सुदर्शन मलिक और डायरेक्टर संतोष मलिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुदर्शन मलिक ने वीर शहीद राव तुलाराम और अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार इन वीरों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसके पश्चात डायरेक्टर संतोष मलिक ने राव तुलाराम सहित सभी शहीदों के योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने नवरात्रि पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि मां दुर्गा की कृपा से विद्यार्थियों को सदैव प्रेरणा और आशीर्वाद प्राप्त होता है। कार्यक्रम में छात्र-अध्यापकों ने शहीदों के जीवन और त्याग को याद करते हुए भाषण, गीत, नारे और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं।




मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES

| | |
|---|---|
| ICU Staff | 6 |
| PRO/Marketing Executive | 6 |
| MRI Technician | 2 |
| Computer Operator (Male) | 2 |
| Computer Operator (Female) | 2 |

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599


# जगदीश कॉलोनी में घर में घुसकर एक परिवार के कुछ लोगों ने की जमकर तोड़फोड़ और बच्चों के साथ की मार पीट

## बदमाशों को पुष्पा मुकेश, सुदेश, विजेंद्र और मोहित ने भेजा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जगदीश कॉलोनी में एक परिवार के घर में कुछ लोगों ने घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने घर में घुसते ही दरवाजे और ताले तोड़ दिए और परिवार की महिला के साथ गलत हरकत करने का प्रयास भी किया। घटना की सूचना मिलते ही आर्य नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित महिला नीतू ने बताया कि वह अपने पति योगेश और दो छोटे बच्चों के साथ जगदीश कॉलोनी में रहती हैं। 21 सितंबर की सुबह कुछ बदमाश उनके घर में घुस गए। बदमाशों को पुष्पा, मुकेश, सुदेश, विजेंद्र और मोहित ने भेजा था। आरोपियों ने दीवार कूदकर मेन गेट पर लगे ताले तोड़ दिए और घर में प्रवेश किया। नीतू ने बताया कि घर में घुसते ही वह अपने पति और बच्चों के साथ कमरे में चली गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल की। हालांकि, पुलिस के आने तक आरोपियों ने घर के सामान को तोड़ना शुरू कर दिया।



### पति को भी नहीं छोड़ा, दरवाजा तोड़ दिया

नीतू ने आगे बताया कि आरोपियों ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और उसके पति योगेश को पकड़कर दूसरे कमरे में ले गए। वहां उनके पति के साथ जमकर मारपीट की गई। जब नीतू अपने पति को बचाने गई, तो आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। आरोपियों ने उसके बच्चों को भी पकड़कर मारपीट की।

### पहले भी हो चुके हमले

नीतू ने बताया कि आरोपियों ने पूरे घर का सामान तोड़ दिया और उन्हें पुलिस को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने कहा कि इससे पहले भी 16 और 23 मार्च को आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बारे में पहले शिकायत दर्ज करवाई गई थी। नीतू ने कहा कि उन्हें लगातार अपने और परिवार के जीवन को लेकर खतरा महसूस हो रहा है।

### दहशत में परिवार

पीड़ित परिवार का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से वे लगातार आरोपियों से परेशान हैं। वे बार-बार पुलिस से सुरक्षा की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ पूरी तरह से कार्रवाई नहीं हो पाई। पुलिस से आग्रह किया है कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सुरक्षा प्रदान की जाए।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

घर में घुसकर लोगों ने परिवार के सदस्यों पर हमला किया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों के बयान लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने अब तक दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। **-बिजेंद्र, थाना प्रभारी**, आर्य नगर

## खबर संक्षेप

### बेरोजगारी व महंगाई से जनता परेशानः निम्बडिया

**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष अड़ीचन्द निम्बडिया ने कहा है कि जनता बेरोजगारी एवम् महंगाई की मार से परेशान है। प्रदेश में एलपीजी रसोई गैस सिलेण्डर की कीमत 855 रुपये है। गृहणियों का घर चलाना बड़ी मुश्किल है। बिजली के बिल अत्याधिक ज्यादा आ रहे है। प्रदेश सरकार से मांग की जा रही है कि एलपीजी गैस सिलेण्डर की कीमत व बिजली बिल की कीमत कम की जाए। शिक्षित युवा बेरोजगारी से परेशान है और उन्हें कोई काम धंधा नहीं मिल रहा है।




### निगम का रामलीला स्थल पर स्वच्छता अभियान

**रोहतक।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को सफल बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीम ने पुरानी आईटीआई ग्राउंड में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के दौरान आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर निगम की टीम ने रामलीला स्थल पर आने वाले नागरिकों को स्वच्छता ऐप की जानकारी दी, जिससे वे अपने क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी शिकायतें दर्ज कर सकें। इसके साथ ही स्टाल लगाकर लोगों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया।

### ठगी होने पर तुरंत करें 1930 पर कॉल

**रोहतक।** पुलिस ने आमजन को सतर्क करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर खुद को विदेशी बताने वाले व्यक्तियों या अनजान युवकों से दोस्ती न करें। ऐसे कई साइबर क्रिमिनल हैं जो लोगों को वेबकूफ बनाकर उनसे लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। गठी पर 1930 पर काल करें। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी खुद को विदेशों में अच्छी नौकरी करने वाला या बड़ा बिजनेसमैन बताकर सोशल मीडिया पर संपर्क साधते हैं। कई बार फेसबुक और व्हाट्सएप पर लंबी बातचीत के बाद वे सामने वाले को भरोसे में ले लेते हैं। इसके बाद गिफ्ट, आईफोन आदि भेजने का लालच देकर कहते हैं।

## अच्छी पहल: त्योहारों पर रोशनी से जगमग रहेगा शहर

# दीपावली की तैयारियों में जुटा बिजली निगम, नहीं जाएगी लाइट


### 325 फीडरों की जांच के बाद होगी मरम्मत

*बिजली निगम अधिकारियों का दावा है कि इस बार त्योहार के दौरान लोगों को बिजली कटौती की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इसके लिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मरम्मत, मेंटेनेंस और लोड मैनेजमेंट की ठोस कार्ययोजना लागू की गई है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

त्योहारों पर रोशनी बनी रहे और लोगों को बिना किसी बाधा के दीपावली का आनंद मिले, इसके लिए बिजली निगम की टीम ने जिले में विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम अधिकारियों का दावा है कि इस बार त्योहार के दौरान लोगों को बिजली कटौती की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इसके लिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मरम्मत, मेंटेनेंस और लोड मैनेजमेंट की ठोस कार्ययोजना लागू की गई है।



### विशेष अभियान

रोहतक सर्कल के अंतर्गत आने वाले 325 फीडरों की जांच की जा रही है। इनमें से लगभग 210 शहरी फीडर और 115 ग्रामीण फीडर हैं। निगम ने पिछले एक माह में करीब 150 किलोमीटर लाइन की मरम्मत और बदलने का कार्य किया है। वहीं, 120 से अधिक पुराने ट्रांसफार्मरों की जांच कर उनमें आवश्यक सुधार किए गए हैं।

### कोई अंधेरे में नहीं रहेगा

त्योहारों पर उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसके लिए महीनेभर पहले से विशेष ड्राइव चलाया गया है। हमारी प्राथमिकता यही है कि दीपावली की रात अंधेरे में न डूबे। इसके लिए फीडरों से लेकर ट्रांसफार्मर और सब-स्टेशन तक हर स्तर पर मॉनिटरिंग हो रही है। किसी भी उपभोक्ता को बिजली कटौती की समस्या नहीं होगी। **-रामेंद्र मलिक**, एक्सईएन, बिजली निगम, रोहतक

### त्योहार पर अनुमानित खपत

इस वर्ष निगम को अनुमान है कि दीपावली के दिन जिले में बिजली की खपत बढ़कर 600 मेगावाट तक पहुंच सकती है। इसके लिए 650 मेगावाट तक की व्यवस्था कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि लाइटिंग, सजावट और घरेलू उपयोग के कारण खपत बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है।

### ट्रांसफार्मर और सब-स्टेशन पर विशेष ध्यान

त्योहारों के सीजन में लोड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने पर भी काम किया है। इस समय तक जिले में 45 ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड किया गया है। साथ ही 12 नए ट्रांसफार्मर अलग-अलग इलाकों में लगाए गए हैं। शहर के चार प्रमुख सब-स्टेशन सुभाष नगर, महम रोड, कैलाश कॉलोनी और गोहाना रोड पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि इन इलाकों में त्योहार के दिनों में बिजली की खपत सबसे ज्यादा बढ़ती है।

### कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी

बिजली निगम ने दीपावली पर बिजली की स्थिति की रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम भी बनाया है। उपभोक्ता किसी भी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 1912 या जिला स्तरीय टोल फ्री नंबर 1800-180-1550 पर संपर्क कर सकते हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि कॉल रिसीव करने के बाद 15 से 30 मिनट के भीतर टीम मौके पर पहुंचेगी।

### पिछले साल लोड बढ़ने पर बिजली कटौती की गई थी

पिछले वर्ष दीपावली पर जिले में कुल 530 मेगावाट लोड दर्ज किया गया था। इस दौरान कई जगहों पर बिजली कटौती की शिकायतें भी आई थीं। शिकायतों की संख्या करीब 850 रही, जिनमें से अधिकतर मामले ओवरलोडिंग और फॉल्ट से जुड़े थे। निगम का दावा है कि इस बार अतिरिक्त तैयारी के चलते शिकायतों की संख्या आधे से भी कम रह जाएगी।

### सड़क निर्माण पर डेढ करोड़ आएगा खर्च



**रोहतक।** किला रोड बाजार का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## किला रोड मार्केट को दशहरे पर मिलेगी सौगात

# सड़क का निर्माण शुरू, दो अक्टूबर तक होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

किला रोड के दुकानदारों को दशहरे तक नई सड़क की सौगात मिल जाएगी। नगर निगम की तरफ से सड़क निर्माण में तेजी लाई गई है।इसे दो अक्टूबर से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद बाजार एक मॉडल मार्केट के तौर पर सामने आएगा। निगम की तरफ से किला रोड मार्केट में विकास कार्य करवाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए निगम ने पहले ही योजना बना ली थी। सड़क के दोनों तरफ बरसाती पानी के लिए नाले बनाए गए। इसके अलावा बिजली के खम्बों को हटाया गया। यहां नई आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगाकर सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

### भगत सिंह पार्किंग में खड़े होंगे वाहन

त्योहार नजदीक आने की वजह से बाजारों में लोगों की संख्या बढ़ रही है। किला रोड पर आने वाले लोगों के वाहनों को जगह देने के लिए भगत सिंह काम्प्लेक्स में पार्किंग शुरू की गई है।

### दो माह पहले शुरू हुआ था काम



करीब दो माह पहले यहां कार्य शुरू किया गया था। इस दौरान नालों, सीवर की रिपेयर करवाई गई। दो नए सीवर बनाए गए। इसके अलावा बिजली के पोल दुकानों के आगे से हटाए गए हैं। साथ ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण में तेजी लाई गई है। इसे दशहरे तक पूरा कर लिया जाएगा। **-कपिल नागपाल**, पार्षद वार्ड नम्बर सात

### एमडीयूः एनईपी 2020 पर ओरिएंटेशन एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम का सफल आयोजन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संचालित 8 दिवसीय ओरिएंटेशन एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम मंगलवार संपन्न हो गया। देश भर से आए विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समापन दिवस पर प्रो. अशोक जी. मटानी (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, जीसीई, जलगांव) ने संस्थानिक विकास में शिक्षकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया, वहीं प्रो. राजकुमार (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, इमसार) ने शैक्षणिक नेतृत्व, शासन एवं प्रबंधन पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## शहीदों को शत-शत नमन



रोहतक। शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# एमडीयू में हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## कुलपति प्रो. राजबीर बोले-शहीद हमारे राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विश्वविद्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि शहीद केवल इतिहास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बलिदान से हमें यह सीख मिलती है कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ भी नहीं। युवाओं को चाहिए कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और देश की सेवा में अग्रसर हों। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार, सीडीएस निदेशक आदि मौजूद रहे।

### चीनी मिल में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया : श्वेता सुहाग

**रोहतक।** रोहतक चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने बताया कि मिल परिसर में सेवा पखवाड़ा के दौरान कर्मचारियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।श्वेता सुहाग ने बताया कि सेवा पखवाडा के दौरान मिल में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारियों को सुरक्षा व स्वच्छता बारे जागरूक करने के लिए विभागीय स्तर पर वर्कशॉप का भी आयोजन किया जा रहा है। मिल परिसर में हरित वातावरण को बनाने के लिए इस सीजन में लगभग 400 पौधे लगाए जा चुके हैं।

**सीजन में लगभग 400 पौधे लगाए जा चुके**

## कार्यक्रम: छात्रों ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय का दौरा किया

# आईआईएम विद्यार्थियों ने आरटीए विभाग में लिया रोड सेफ्टी का व्यावहारिक अनुभव

*छात्रों ने वाहन चेकिंग, चालान प्रक्रिया और सड़क पर लागू सुरक्षा उपायों को भी करीब से देखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने और इससे जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी लेने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) के छात्रों ने मंगलवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालय का दौरा किया। इस विजिट की अध्यक्षता आरटीए सचिव वीरेंद्र ढुल ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य के प्रबंधकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नीतियों और उपकरणों से रूबरू कराना था।

आरटीए सचिव वीरेंद्र ढुल ने कहा कि आईआईएम जैसे संस्थानों के छात्रों को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी मिलने से वे भविष्य में नीतियां बनाने और जागरूकता फैलाने में बेहतर योगदान दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल विभाग या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। आरटीए इंस्पेक्टर जसबीर नरवाल ने बताया कि छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी आधुनिक उपकरणों और तकनीकी साधनों की जानकारी दी गई।

आरटीए अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार यह उपकरण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार साबित होते हैं। छात्रों ने वाहन चेकिंग, चालान प्रक्रिया और सड़क पर लागू विभिन्न सुरक्षा उपायों को भी करीब से देखा। आईआईएम छात्रों ने अपने शैक्षणिक दौरे के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्हें ड्राइविंग टेस्ट की प्रक्रिया, वाहन फिटनेस जांच और ड्राइवरों को दी जाने वाली प्रशिक्षण प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी मिली। छात्रों ने यह भी समझा कि सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें कैसे विकसित की जाती हैं और सड़क पर अनुशासन बनाए रखने में इनकी क्या भूमिका होती है।



### अधिकारी और विशेषज्ञ रहे मौजूद

इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर जसबीर, एसआई राजेश, आरटीए इंस्पेक्टर जसबीर नरवाल, राकेश राना परिवहन उपनिरीक्षक और आईडीटीआर इंचार्ज रमेश आईआईएम से डॉ श्वेता अहलावत, डॉ हिमांशी डबास भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्रों से संवाद करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए न केवल सख्त नियमों की जरूरत है, बल्कि आम लोगों में जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने स्तर पर भी समाज में रोड सेफ्टी का संदेश फैलाएं।